# दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र




मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 287 मुरादाबाद 13 February 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## उत्तराखंड में मुस्लिम यूनिवर्सिटी! यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ कांग्रेस पर बरसे,कहा- लावारिस पार्टी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि देवभूमि में कांग्रेस मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने की बात कर रही है, जो बहुत ही निंदनीय है। कांग्रेस को एक लावारिस पार्टी बताते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। विश्वभर में विख्यात चारधाम जैसे राज्य में इस तरह की बातें करना सही नहीं होगा, बल्कि कांग्रेस को बदीरनाथ-केदारनाथ सहित चारधाम सर्किट को विकसित करने की बता करनी चाहिए। विधानसभा चुनाव 2022 के प्रचार के अंतिम दिन उत्तराखंड के नई टिहरी विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस को कभी भी हिंदू होने की अनुभूति नहीं होती है। योगी का साफतौर से कहना है कि देवभूमि में अगर कोई 'हिन्दू' की परिभाषा नहीं जानता है तो उस पार्टी को सत्ता में आने का अधिकार तो नहीं ही होना चाहिए, कतई नहीं होना चाहिए। हिन्दू' कोई सांप्रदायिक शब्द नहीं है। 'हिन्दê' हमारी सांस्कृतिक पहचान है।ऐसे में कांग्रेस प्रदेश और देश का विकास और सुरक्षा के बारे में कैसे सोच सकती है? कहा कि कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के पूर्वज तो अपने आप को 'एक्सीडेंटल हिंदू' कहते थे, तो ऐसे लोग हिंदुओं और उनके हित के बारे में कैसे सोच सकते हैं। उत्तर प्रदेश का बुलडोजर अच्छा लगता है न? यह कहते हुए योगी ने कहा कि यूपी में सपा-बसपा के सभी अवैध कामों पर रोक लगाते हुए माफियाओं पर शिकंजा कस दिया है, ताकि गरीब लोग भी स्वाभिमान से जीवन व्यापन कर सकें। योगी ने अपील की है कि सभी लोग किशोर उपाध्याय व विजय सिंह पंवार को भारी मतों से जीत दिलाएं, ताकि यूपी से भागकर कोई भी माफिया उत्तराखंड में शरण न ले सके। योगी का दावा है कि यूपी में भाजपा की एक बार फिर सरकार बनने जा रही है और इसमें कोई संशय नहीं है क्योंकि उत्तर प्रदेश सबसे सुरक्षित राज्य है। योगी ने कहा कि पीएम मोदी के विजन के बदौलत ही आपदा के बाद केदारनाथ का पुनर्निर्माण होने के बाद अब बदरीनाथ धाम का भी सौंदर्यकरण हो रहा है। यह भाजपा सरकार की नीति का ही नतीजा है कि चारधाम ऑलवेदर रोड बन पाई ताकि श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा करने में कोई परेशानी न हो।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले में 'मिनी इंडिया' की झलक दिखती है

दुर्गेश तिवारी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले में 'मिनी इंडिया' की झलक दिखती है। वजह भी साफ है कि क्योंकि देश के कोने-कोने से लोग इस जिले में रहने आते हैं और अपना भाग्य अजमाने आते हैं। कहा कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की जीवंत तस्वीर है। कहा कि इस जिले से ही युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी खटीमा सीट से विधानसभा चुनाव 2022 लड़ रहे हैं और उनको पूरा विश्वास है कि जनता का दोबारा आशीर्वाद धामी को मिलना तय है। उत्तराखंड चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन खटीमा पहुंचे, पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है। वोट बैंक के लिए बंटवारा और अफवाहें फैलाने पर विश्वास करती है। कांग्रेस ने कभी भी गरीबी हटाने के लिए कुछ नहीं किया, बल्कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही गरीबों को हटाने का काम किया है। 'मुंह में राम बगल में छुरी' कहावत को बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस तो 'राम'तक का नाम नहीं लेना चाहती है। और अब तो कांग्रेस देश को भी देश मानने को तैयार नहीं है। यह भारत एक है-यह देश भी एक है तभी तो उत्तराखंड का युवा केरल की तटीय इलाकों में भी देश की सरहदों की रक्षा करता है दिवंगत जनरल बिपिन रावत को गुंडा कहने वाली कांग्रेस पार्टी अब चुनावों में उनका कट-आउट लगाकर वोट मांग रही है। यह उत्तराखंड के युवाओं का अपमान है क्योंकि भारी संख्या में उत्तराखंड के युवा देश की सरहदों की रक्षा करने में जुटी हुई है। चिंता जताते हुए कहा कि कांग्रेस ने मां गंगा को नहर घोषित कर दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने गंगा को दोबारा मां का दर्जा दिया। 17 नालों पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही नालों के लिए सिवजेज ट्रीटमेंट प्लांट भी स्वीकृत किए गए हैं। कहा कि देश के कई राज्यों में कांग्रेस का वजूद तक खत्म हो गया है। ऐसा ही अवसर, उत्तराखंड के पास भी है।मोदी ने कहा कि कोरोना को मात देने के लिए उत्तराखंड वैक्सीन की पहली डोज लगाने वाला शत-प्रतिशत राज्य भी बना है। ऐसे में पर्यटन, उद्योगों और रोजगार के अवसर दोबारा शुरू हो गए हैं।

## औरैया में मायावती ने सपा और भाजपा को घेरा, कहा-पुरानी पेंशन बहाल करेंगे

बेला के भदौरा गांव में शनिवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि बसपा सरकार बनी तो कर्मचारियों की समस्याएं हल करने को आयोग गठित होगा। उनकी सारी मांगें मान ली जाएंगी। भाजपा जातिवादी-पूंजीवादी पार्टी। यूपी में अपराध बढ़े हैं। दलितों-पिछड़ों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नौकरियों में कोटा पूरा नहीं किया गया है। पक्षपात है। मुस्लिम व ब्राह्मण उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। गलत आर्थिक नीतियों के कारण गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई बढ़ी है। सपा की सरकार किसी भी कीमत पर नहीं बनने देना है। इसमें गुंडों का ही राज रहा। विशेष क्षेत्र व विशेष समाज के लोगों



का ही विकास हुआ। एससी-एसटी का सरकारी क्षेत्रों में आरक्षण खत्म किया। कोर्ट के निर्णय की आड़ में एससी एसटी का डिमोशन कर दिया गया। कांग्रेस ने मंडल कमेटी की रिपोर्ट लागू नहीं की। संघर्ष करके लागू कराया गया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया। भीमराव अंबेडकर को नहीं दिया भारत रत्न- कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस ने देश में राज किया। मगर मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू नहीं की। जिसे बाद में संघर्ष करके लागू कराया गया। कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया। सपा को रोकना होगा- सपा को लेकर उनके तेवर सख्त दिखे। कहा कि सपा की सरकार में गुंडों, बदमाशों, अराजकतत्वों व लूट खसोट करने वालों का ही राज रहा है। जिसकी वजह से हमेशा यहां तनाव बना रहा। विकास कार्य भी एक विशेष क्षेत्र व विशेष समाज के लोगों का ही हुआ। प्रदेश में एससी-एसटी का सरकारी क्षेत्रों में आरक्षण खत्म कर दिया गया था। विदेश जाकर पढ़ाई करने की योजना खतम कर दी गई। कोर्ट के निर्णय की आड़ में एससी-एसटी की जातियों का डिमोशन कर दिया गया। सपा की सरकार किसी भी कीमत पर नहीं बनने देना है। संघ पर भी साधा निशाना-भाजपा जातिवादी, पूंजीवादी व आरएसएस के संकीर्णवादी एजेंडे को लागू करने में ही लगी रही है। प्रदेश में अपराध काफी ज्यादा बढ़े हैं। मगर मीडिया में सही आंकड़ों को दबा दिया जाता है। दलितों व पिछड़ों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकारी नौकरियों में इनका कोटा पूरा नहीं किया गया है। आम आदमी पर पड़ा है। बेरोजगारों से कहा कि बसपा की सरकार बनने पर सबको रोजी-रोटी का साधन मुहैया कराया जाएगा।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

**आवश्यकता है** उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## हिजाब विवाद के बीच उत्तराखंड में BJP का बड़ा ऐलान- सरकार बनी तो लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड



हिजाब विवाद के बीच उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बड़ा बयान शनिवार को जारी किया है। कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही उत्तराखंड में 'यूनिफॉर्म सिविल कोड' लागू किया जाएगा। इसके लिए रिटायर्ड जजों, प्रबुद्धजनों व समाज के विभिन्न वर्गों की एक कमेटी बनाई जाएगी, जो 'यूनिफॉर्म सिविल कोड'के लिए ड्राफ्ट तैयार करेगी। कहा कि विवाह, तलाक, उत्तराधिकार,जमीन-जायदाद जैसे विषयों पर सभी नागरिकों के लिए एक समान अधिकार होगा, जाहे वह किसी भी धर्म या जाति का क्यों न हों। धामी ने साफतौर पर कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक विरासत की रक्षा के लिए भाजपा सरकार अपने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद एक कमेटी का गठित करेगी, जिससे सभी नागरिकों के लिए समान कानून बनेगा। धामी ने कहा कि अब समाज में धर्म, जाति और समुदाय की पारंपरिक रूढ़ियां टूट रही हैं, इसलिए अब समय आ गया है कि देवभूमि में सभी नागरिकों के हितों को सम्मान देते हुए, सर्वस्पर्शी विकास की अवधारणा को सुनिश्चित करते हुए 'समान नागरिक-समान अधिकार' लागू किया जाए। भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने सीएम धामी के बयान की सराहना की है। कहा कि इससे समाज में एकरूपता आएगी। बलूनी का कहना है कि सीएम धामी उत्तराखंड की बेहतरी के लिए कई निर्णायक फैसले ले रहे हैं। भाजपा संगठन मंत्री बीएल संतोष ने भी धामी के बयान को ऐतिहासिक करारा दिया है। वहीं, सीएम धामी के बयान के बाद उत्तराखंड में एक बार फिर सर्द मौसम में सियासत गर्म हो गई है। कांग्रेस की प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने सीएम के बयान को सिर्फ और सिर्फ एक जुमला करार दिया है। कहा कि भाजपा अपनी हार से बचने के लिए ऐसे बयान जारी कर रही है। पिछले पांच सालों से बीजेपी ने विकास के लिए कुछ नहीं किया और अब वोटरों को लुभाने के लिए ऐसे बयानबाजी कर रही है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# थम गया चुनाव प्रचार, 14 फरवरी को वोट का इंतजार

उत्तराखंड की पांचवीं विधानसभा का चुनाव प्रचार शनिवार शाम छह बजे थम गया है। अब सोमवार 14 फरवरी को मतदान का इंतजार है। शनिवार को प्रचार थमने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, सचिन पायलट, दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया सहित कई दिग्गज चुनाव मैदान में हुंकार भरते नजर आए। आठ जनवरी को चुनाव आयोग ने उत्तराखंड सहित पांच राज्यों में चुनाव कार्यक्रम घोषित किया था। उत्तराखंड में सोमवार 14 फरवरी को मतदान होना है। आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पूर्व चुनाव प्रचार समाप्त हो जाता है। चूंकि उत्तराखंड में सोमवार



को शाम छह बजे तक मतदान होगा, इस कारण यहां चुनाव प्रचार शनिवार शाम छह बजे समाप्त हो गया है। अब कोई दल या प्रत्याशी रैली, जनसभा या अन्य माध्यम से प्रचार नहीं कर पाएगा। अलबत्ता मतदाताओं से डोर टू डोर सम्पर्क किया जा सकता है।

### पोलिंग पार्टियों की रवानगी तेज

शनिवार को प्रदेश की 1442 मतदान पार्टियों की भी रवानगी हुई, इससे पहले शुक्रवार को भी 35 पार्टियों की रवानगी हुई थी। उक्त सभी पार्टियां रात्रि विश्राम का एक पड़ाव रास्ते में पूरा करते हुए, रविवार को अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचेंगी। इसके बाद सर्वाधिक 10222 पार्टियां आज रविवार को रवाना होंगी। मतदान के बाद इसी क्रम में पोलिंग पार्टियों की वापसी भी होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में कई मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टियों को 10 से 20 किमी तक पैदल चलना पड़ता है। मतदान केंद्र की जिला मुख्यालय और पैदल दूरी के अनुसार ही निर्वाचन आयोग पोलिंग पार्टियों की रवानगी करता है।

## प्रियंका गांधी का भाजपा पर हमला,बोलीं:महंगाई-बेरोजगारी रोकने में मोदी सरकार फेल

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने भाजपा सरकार पर जमकर हल्ला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार सिर्फ और सिर्फ पूंजीपतियों और उद्योगपत्तियों की सरकार है। भाजपा कार्यकाल में गरीबों का बहुत बुरा हाल हो गया है। दावा किया है विधानसभा चुनाव 2022 के बाद कांग्रेस पुनः उत्तराखंड में सरकार बनाएगी। विधानसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन उधमसिंह नगर जिले के खटीमा विधानसभा क्षेत्र में पहुंची प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों की वजह से गरीब लोग ज्यादा त्रस्त हैं। खाने-पीने की चीजों में जबरदस्त उछाल हुआ है। महंगाई से आम आदमी पूरी तरह से त्रस्त है। कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लोगों को बताना होगा कि वह महंगाई पर कैसे लगाम लगाएंगे। यही नहीं, युवाओं को रोजगार देने के लिए भाजपा का क्या प्लान है, यह भी बात भी जनता जानना चाहती है। प्रियंका ने भाजपा सरकार से पूछा कि महिलाओं के लिए भाजपा के पास क्या योजनाएं हैं? भाजपा सरकार पर जमकर बरसते हुए प्रियंका का कहना था कि बीजेपी ने विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया है। बीजेपी ने काम करने की जगह विज्ञापन पर काम किया है। पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी के साथ ही बीजेपी का डबल इंजन ठप हो गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस की उत्तराखंड में सरकार बनते ही



एलपीजी सिलेंडर के दाम किसी भी सूरत में 500 रुपये से अधिक नहीं होने दिए जाएंगे। महंगाई पर बोलते हुए गांधी कहतीं हैं कि सस्ती रसोई का हर गृहणी का हक है और उसे हरहाल में दिया जाएगा। भाजपा पर जमकर प्रहार करते हुए प्रियंका गांधी का कहना था कि विकास के नाम पर उत्तराखंड में सिर्फ बातें ही बातें हुई हैं, जबकि उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में ग्रामीणों का बुनियादी सुविधाओं के लिए कई-कई किमी पैदल चलना पड़ता है। कहा कि बदलाव के लिए जागरूकता जरूरी है ताकि सही पार्टी की सरकार बन सके और जनमानस की मुश्किलों का हल निकाला जा सके।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हुए हमलावर,कहा-सेना के जवानों पर सवालिया निशान लगाती है कांग्रेस

उत्तराखंड चुनाव-2022:अल्मोड़ा के सल्ट विधानसभा के देघाट खेल मैदान में शनिवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। कहा कि कांग्रेस हमारे देश के जवानों पर सवालिया निशान लगा रही है। यह उनका अपमान है। कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विकास कर सकती है। इस दौरान उन्होंने सरकार के पिछले पांच सालों की उपलब्धियां गिनाई। शनिवार को देघाट में आयोजित जनसभा में रक्षा मंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में जब लोग बेहद परेशान थे उस वक्त हमारी सरकार ने लोगों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया। आयुष्मान भारत योजना एक ऐसी योजना है जो पूरी विश्व में सिर्फ भारत में शुरू की



गई है। इससे लोगों को काफी फायदा मिल रहा है। प्रदेश में सरकार आने पर एक माह के भीतर किसान सम्मान निधि योजना के तहत 12 हजार की रकम देंगे। हर ब्लॉक में एक मंडी खोलेंगे, निर्धन परिवार के मुखिया को तीन हजार की रकम देंगे। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सचल वाहन चलाए जाएंगे। उन्होंने पूर्व विधायक स्व. सुरेंद्र जीना को याद कर उनके किये गये कार्यों भी गिनाया। जनता से भाजपा के पक्ष में भारी से भारी मत में वोट कर प्रदेश में दुबारा धामी की सरकारी बनाने की अपील की।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |

# विवाद के मामले की जांच को लेकर दो व्यक्तियों का चालान

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- नगर के मौहल्ला वाटिका कालोनी निवासी एक महिला ने दूसरे परिवार के लोगों पर लगाए गम्भीर आरोप ।महिला का आरोप है कि उसके मकान के बराबर पर रोज़ शराब पार्टी चलती है।और आज टोकना उसे व उसके परिवार को भारी पड़ गया।महिला का आरोप है कि वह 9 फरवरी की रात लगभग 9 बजे घर मे अपने परिवार के साथ खाना खा रही थी तभी हैदर व 3-4 अन्य घर के बाहर गन्दी-गन्दी गालियां देने लगे महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी उसके घर मे घुस गए और बुरी तरह मारपीट करने लगे।आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने महिला की बेटी व भांजी के साथ अश्लील हरकतें भी की तथा महिला की भांजी को लोहे की रॉड मारकर घायल कर दिया था,जिसको उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया था।पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुँच कर मामले की पुलिस को अवगत कराते हुए आरोपियों पर ठोस कार्यवाही की मांग की थी।कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर ततपरता दिखाते हुए कार्यवाही शुरू कर दी व खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था आज इस मामले में कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए दो व्यक्तियों का चालान कर दिया गया है

# नगर वह गांव गांव कुत्ता काटने की बढ़ती तादाद

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- नगर वे गांव से अलग-अलग कु कुत्ते काटने को लेकर मचा कोहरा म ठाकुरद्वारा नगर में असद नाम के व्यक्ति को कुत्ते ने काटा उधर संजय सिंह शिवानी जावेद मोहम्मद फलक बिल्ली ने काटा मोहम्मद अरशद बिल्ली ने काटा कुत्ता के काटने का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है लंबे समय से नगर वह गांव गांव से कुत्ता काटने की आवाज आए दिन आरती रहती है नगर पालिका द्वारा कुत्ता पकड़ने को लेकर एक बार अभियान चलाकर खानापूर्ति की गई उसके बाद से लगातार कुत्ते के काटने की घटनाएं शहर व गांव में बढ़ती जा रही हैं लेकिन इस इसका कोई हल नहीं निकल पा रहा है उधर नगर में फिरते आवारा कुत्तों के झुंड ने लोगों का रास्ते मोहल्ले गली चौराहों से निकलना दुश्वार कर दिया है आज शनिवार का बाजार चलचित्र रोड पर हमारे संवाददाता से बात करते हुए एक बुजुर्ग ने बतलाया कुत्ते बुरी तरह नन्हे मुन्ने छोटे बच्चों पर देखते ही टूट जाते हैं उधर सुबह सादिक के वर्क सभी हिंदू मुस्लिम सिख इसाई भाई पूजा आस्था मैं नमाज को जाते हैं लेकिन आवारा कुत्तों के डर से नमाज पढ़ने जाते हुए भी डर लगता है कि कुत्ता हम पर कब हमला कर दे इसलिए कुछ लोग नमाज ए फजर को भी कुत्तों के डर के कारण घर पर ही अदा कर रहे हैं उधर आए दिन कुत्ता काटने की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है ठाकुरद्वारा सीएचसी अस्पताल आए दिन कुत्ता काटे के लोग वह बच्चे महिलाएं नगर वह गांव से एंटी रैबिट लगवाने के लिए स्वास्थ्य समुदायिक केंद्र पर लगी रहती है भीड़

WWW.KNLSLIVE.COM

# विधानसभा 26 चुनाव पार्टी प्रत्याशी सभी जीतने की कोशिश में लगे

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा विधानसभा 26 की जीत को लेकर प्रत्याशियों पार्टियों के बीच कड़ा संघर्ष नजर आ रहा है ठाकुर भाजपा प्रत्याशी अजय प्रताप कांग्रेस प्रत्याशी सलमा आगा सपा प्रत्याशी नवाब खान वे बसपा प्रत्याशी मुजाहिद चौधरी के बीच कांटे की टक्कर अब देखना यह होगा आने वाली 14 फरवरी 2022 को किसकी किस्मत में जीत या हार लिखी लगातार संघर्ष कर रही भारतीय जनता पार्टी के युवा प्रत्याशी अजय प्रताप ने क्षेत्र वह नगर मैं बढ़ते जन समर्थन को देख सभी से हाथ जोड़कर शांति व्यवस्था को कायम रखते हुए आचार संहिता का पालन कर यशा वशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के बढ़ते यूपी में जन समर्थन को देखते हुए यूपी में विकास कार्य करा रही भारतीय जनता पार्टी सरकार आने वाली 14 फरवरी 2022 को बड़ी तादाद में अपना सहयोग वह वोट देकर सफल बनाने की अपील की

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कांठ में थमा प्रचार, प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत

मुरादाबाद-विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से 48 घंटे पहले शनिवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। चुनाव प्रचार थमने से पहले तक सभी दलों के प्रत्याशियों ने शनिवार को अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी जान लगा दी। सभी ने मतदाताओं को साधने का प्रयास किया। पुलिस अफसरों ने क्षेत्र का जायजा लेकर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव में सहयोग की अपील की। कांठ क्षेत्र में दूसरे चरण में 14 फरवरी को मतदान होना है। रविवार को मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को ही सीआरपीएफ की टीमें कांठ विधानसभा में पहुंच गई थी। सीओ महेश चंद गौतम का कहना है कि कांठ क्षेत्र में शांतिपूर्वक ढंग से विधानसभा चुनाव को संपन्न कराया जाएगा। यदि कोई असामाजिक तत्व माहौल खराब करने या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राजकीय हाईस्कूल की प्रधानाचार्य को डीएम ने किया सम्मानित



मुरादाबाद-राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला की प्रधानाचार्य स्वदेश कुमारी को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में अहम भूमिका निभाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने प्रधानाचार्य स्वदेश कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद के स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ अनुज अग्रवाल ने बताया प्रधानाचार्य स्वदेश कुमारी ने मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली, स्लोगन, वाद -विवाद , क्विज, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। नगलिया मशकूला के ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक और रैली निकालकर अधिक से अधिक वोट करने के लिए जागरूक किया। ताकि जिले का वोट प्रतिशत बढ़ सके। इसी आलोक में स्वदेश कुमारी प्रधानाचार्या ,राजकीय हाईस्कूल नगलिया को यह सम्मान प्रदान किया गया।

# कांठ में क्रिटिकल बूथों पर लगाए गए कैमरे

मुरादाबाद-विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरी तैयारी कर ली है। क्रिटिकल बूथों पर कैमरे लगाए जाएंगे। अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र के 228 क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर कैमरे लगाए जाएंगे। ब्लॉक कर्मी आशीष कुमार के नेतृत्व में कैमरे लगाने का काम मतदान केंद्रों पर लगातार कराया जा रहा है। इसके साथ खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश ने विधानसभा चुनाव में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है उन सभी को निर्देश दिए हैं कि वह अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहें। कहीं भी कोई दिक्कत हो तो तत्काल तहसील कार्यालय या ब्लॉक कार्यालय पर सूचित करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# भगतपुर में रासेयो स्वयंसेवकों ने ली मतदान की शपथ



मुरादाबाद-एसकेडीएम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसवां हरचन्द में चतुर्थ एक दिवसीय शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना मतदाता शपथ ग्रहण के रूप में मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना तीनों इकाइयों के छात्र छात्राओं ने चुनाव मोहर के आकार में आकृति बनाकर शपथ ली कि हम 14 फरवरी को होने वाले चुनाव में अपनी भागीदारी पूर्ण रूप से निभाएंगे। अपने आसपास जो बुजुर्ग हैं अपाहिज हैं उनको अपने साथ ले जाकर उनका भी मतदान कराएंगे। डॉ.राजीव यादव ने छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान,लोकतंत्र का यह आधार-वोट ना कोई हो बेकार है आदि नारों से जागरूकता की अपील की। इस दौरान तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार, रितु रानी, किरण कुमारी, मौजूद रहे। अन्य प्रवक्ताओं ने भी मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया ।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Women in police

This need has been felt for a long time, but it has not been given much attention. This is the reason why the issue of increasing the number of women in the police forces kept getting postponed. It has been said for a long time that at least one third of the police should be women. Efforts were also made to increase their number, but the matter did not reach beyond a limit.Women police stations were also established in many places, in which all the responsibilities are in the hands of women. These police stations also left their influence, but due to the limited number of such police stations, the matter did not go beyond an extent.

Some time back, Prime Minister Narendra Modi had also mentioned in the Mann Ki Baat program that the number of women in the police force should be increased. Now the Parliamentary Standing Committee on Modernization and Reform of Police has recommended a roadmap to increase the number of women in the police force to 33%.

The suggestion is that not only the work of filling the vacant posts of men with women should be done, but new posts should also be created separately for women.At present, the number of women in the police forces is just over 10 per cent. Sociologists believe, by increasing the number of women in the police, its face can be made more human and many of its present distortions can also be reduced.

If we look at the National Crime Records Bureau data, 11 per cent of crimes in the country are committed against women and five per cent of those arrested are women.Adding only this math, then the number of women in the police should be 16 percent. All the legal provisions say that the arrest of women or cases related to them should be handed over to women policemen only. Apart from women, it is considered better to hand over matters related to children to women policemen. Sociologists also talk about increasing the role of women in maintaining law and order.It is said that if the role of women police personnel in investigating cases is increased, then the efficiency of this work can increase.


The argument of including women in the security forces is not new. His recruitment in the police has also been happening for a long time. In the year 1933, for the first time, women police officers were appointed in the Travancore Royal Police.Six years later, women policemen were recruited in Kanpur because it was becoming difficult for male policemen to deal with women agitators during labor unrest. After this some women were recruited into the police in Bombay, Madras and Bengal Presidencies. After independence this work started all over the country.But it never got priority. In 2013, the Union Home Ministry had suggested that every police station should have at least three women sub-inspectors and ten women constables. So far this target has not been achieved properly, the target of 33 per cent recommended by the Standing Committee is far away.

# Mother Soni Razdan was impressed by Alia Bhatt's sari look, fans also tied the pool of praise



Bollywood actress Alia Bhatt is busy promoting her upcoming film Gangubai Kathiawadi. She is registering her presence on social media by attending events, parties or any other program to meet people. During this, she is sharing the special things related to the film from her personal life with the fans.Meanwhile, the actress has shared her new sari look in her latest Instagram post, in which she looks very cute. Apart from the fans, after seeing this latest look of Alia, her mother Soni Razdan was also surprised.White sari looked beautiful Alia- In the new pictures, Alia is seen wearing a white sari with floral border and matching blouse. To make her look perfect, Alia completed this look by wearing white roses in her hair and silver earrings in her ears. At the same time, to make her look more beautiful, she can be seen wearing a black dot.Through these pictures, Alia managed to mesmerize the fans. Let us tell you that these days Alia is constantly sharing her saree photos to promote 'Gangubai Kathiawadi', in which she looks really beautiful.Mother Soni told "Flower Power" - On Alia's post, fans are telling the best of her look by sharing heart, fire and flower emoji. Fans are very happy to see Alia in saree. At the same time, mother Soni Razdan commented on the look of daughter Alia. He wrote, "Flower power", with heart and flower emoticons praising his daughter.'Gangubai Kathiawadi' to release on February 25 - Directed by Sanjay Leela Bhansali, 'Gangubai Kathiawadi' will hit the theaters on February 25. Ajay Devgn and Vijay Raaz are going to be seen playing important roles along with Alia in this film. The trailer of the film and the song 'Dholida' have been released, which the audience liked very much.

# Raveena Tandon's father Ravi Tandon passes away



Mumbai. Actress Raveena Tandon's father Ravi Tandon passed away at his Juhu home on Friday. According to family sources, Mr. Tandon was suffering from lung infection problem for some time, due to which he was also facing difficulty in breathing. Apart from this, he was also having problem in walking.Raveena Tandon shared a photo of father on social media and wrote that you will always walk with me Papa. I will never leave your side. Sri Ravi Tandon was a well-known film director and producer of the 70s and 80s. He had directed films like Nazrana, Khel-Khel Mein, Majboor and many more.He also produced films like Anhoni and Ek Main Aur Ek Tu. Eighty-six-year-old Sri Ravi Tandon was about to have a birthday on February 17. Rajeev Tandon, son of Sri Ravi Tandon, is a film producer and director.

www.knlslive.com

# बसपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक अजय यादव पर की जानलेवा हमले की कोशिश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-सपा प्रत्याशी जुगेंद्र सिंह यादव के पुत्र पुष्पेंद्र की गुंडई चरम पर। बसपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक अजय यादव पर की जानलेवा हमले की कोशिश। मामला कोतवाली नगर में स्थापित जिला अस्पताल मे देर शाम शुक्रवार जब अजय यादव एक दुर्घटना ग्रस्त मरीज को देखने अस्पताल पहुंचे तो वहीं पुष्पेंद्र यादव अपने कुछ समर्थको के साथ मौजूद था उसके बाद वह अजय को देखकर गाली गलौज करने लगा और बार बार देखने की बात करने लगा। नशे में धुत पुष्पेंद्र बार बार अपने कमर पर नाजायज असलाह निकलने की कोशिश करता रहा। आपको बताते चले कि पुष्पेंद्र एक हिस्ट्रीशीटर किश्म का अपराधी है जिस पर कई अलग - अलग थाने मैं दर्जनों मुकदमें चल रहे। इसकी ऐसी हरकतें पहले पूर्व में भी सज्ञान में आ चुकी है जब जिला पंचायत का चुनाव हुआ तब कंसुरी के लोगों के साथ भी बत्तमजी की और पिछले चुनाव मे कई अधिकारियों को भी डराया और धमकाया और उनके साथ गली गलौज करता रहा जिसका ऑडियो वीडियो वायरल हुआ था। मामले की तहरीर कोतवाली शहर में दे दी गयी है जिस पर प्रशाशन ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# भाजपा नेता के घर के बाहर नारेबाजी, गाली, गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-हॉट सीट करहल विधानसभा क्षेत्र मैनपुरीकरहल = भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल जैन कस्बा निवासी पूर्व चेयरमैन भाजपा नेता संजीव यादव के आवास पर जैन समाज व गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर रहे थे उसी समय समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी व गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। भाजपा नेता के घर के बाहर नारेबाजी गाली गलौज करने वाले 10 सपा कार्यकर्ताओं खिलाफ मुकदमा दर्ज शुक्रवार को किया गया। पूर्व चेयरमैन भाजपा नेता संजीव यादव के आवास के बाहर गाली गलौज अभद्रता व जान से मारने की धमकी देने के खिलाफ 10 लोगों के पर मुकदमा दर्ज सपा कार्यकर्ताओं में आयुष यादव पुत्र सुरेंद्र यादव निवासी मोहल्ला काजी, शरद यादव पुत्र सुभाष यादव निवासी किशनी रोड करहल, मोनू यादव पुत्र सत्येंद्र यादव निवासी सर्राफ बाजार करहल, हरवीर यादव पुत्र नामालूम निवासी मैनपुरी रोड करहल, अंशुल यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी बाबू राम डिग्री कॉलेज सिरसागंज रोड करहल, गौरव कुमार गौरव पुत्र गंभीर सिंह यादव, निवासी गांव महुटी, सचिन यादव पुत्र राघवेंद्र यादव इटावा रोड बंबे के पास करहल, शशांक चतुर्वेदी पुत्र रोहित चतुर्वेदी मोहल्ला बगिया करहल, अजीत यादव पुत्र केडी बाबू किशनी चौराहा करहल, रिंकू यादव निवासी गण अहिंसा कॉलोनी करहल के खिलाफ थाने में धारा 147, 504, 506, 188 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि जब सपा कार्यकर्ता नारेबाजी कर रहे थे उसी समय करहल थाने का पुलिस बल विकास करता हुआ आ रहा था उनको देखकर सभी लोग वहां से भाग गए। सभी आरोपितों को गिरफ्तारी लिए तलाश की जा रही है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# जिले में समस्त शैक्षणिक संस्थान 14 फरवरी से कोविड प्रोटोकॉल के साथ खुलेंगे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच


एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में वर्तमान में कोरोना संक्रमण की दर में प्रभावी रूप से कमी होने के दृष्टिगत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। जिसके तहत जिले में समस्त जिम खुले रहेंगे एवं स्वीमिंग पूल/वाटर पार्क पूर्व की भांति बंद रहेंगे। रेस्टॅारेंट/होटल के रेस्टोरेंट/फूड ज्वाइंट्स एवं सिनेमा हॉल अपनी क्षमता के साथ संचालित होंगे। इनमें भी कोविड हेल्पडेस्क स्थापित कर स्क्रीनिंग की व्यवस्था एवं मास्क का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि जिले में नर्सरी/कक्षा-1 से लेकर समस्त शैक्षणिक संस्थान कोरोना गाइडलाइन यथा मास्क की अनिवार्यता एवं कोविड हेल्पडेस्क की स्थापना तथा समय-समय पर निर्गत अन्य निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 14 फरवरी से अग्रिम आदेश तक खुले रहेंगे। समस्त सरकारी कार्यालय/निजी कार्यालय पूरी उपस्थिति के साथ कार्य करेंगे तथा कार्यालयों में कोविड हेल्पडेस्क अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं।

www.knlslive.com

# सी-विजिल एप से करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि मा0 आयोग के निर्देशानुसार जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 20 फरवरी को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराने एवं निर्वाचन सम्बन्धी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए नए सी-विजिल (नागरिक सतर्कता) ऐप का प्रयोग करने की अपील की है। जिला




निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी-विजिल, (नागरिक सतर्कता) नागरिकों के लिए निर्वाचनों के दौरान आदर्श आचार संहिता और व्यय के उल्लंघन की रिपोर्ट करने हेतु एक नया मोबाइल ऐप है। सी-विजिल का आशय नागरिक सतर्कता से है और इसमें नागरिकों द्वारा निर्वाचनों के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन के लिए परस्पर सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभाने पर बल दिया गया है। सी-विजिल एप पर की गई शिकायत को मात्र 100 मिनट में निस्तारित करना होता है। इसलिए निर्वाचन से सम्बन्धित शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सी-विजिल एप का अधिकाधिक उपयोग करें। डीईओ ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर सकता है। सी-विजिल उपयोगकर्ता अनुकूल और आसानी से संचालित किया जाने वाला एक एंड्रॉयड एप्लिकेशन है। इस ऐप की एक विशेषता यह है कि यह उड़नदस्तों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य सुनिश्चित करने हेतु ऐप के भीतर से ऑटो लोकेशन कैप्चर के साथ जीवंत फोटो, वीडियो लेने देता है। इस ऐप को कैमरा, अच्छे इन्टरनेट कनेक्शन और जीपीएस एक्सेस वाले किसी भी एंड्रॉइड स्मार्टफोन पर इंस्टॉल किया जा सकता है। डीईओ ने बताया कि इस ऐप का प्रयोग करते हुए नागरिक राजनीतिक कदाचार की घटनाओं के घटने के कुछ ही मिनटों में उनकी तत्काल रिपोर्ट कर सकते हैं, जिसके लिए रिटर्निंग ऑफीसर के कार्यालय में तत्काल जाने की जरूरत नहीं होती। सी-विजिल, सतर्क नागरिकों को जिला नियन्त्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फील्ड यूनिट (उड़न दस्तों), स्टेटिक निगरानी दलों के साथ जोड़ता है, जिससे एक तीव्र और सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई और निगरानी होती है।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की इस तरह कर सकते हैं शिकायत

सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत के लिए शिकायतकर्ता को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली गतिविधियों का संक्षेप में विवरण करते हुए एक फोटो खींचें या 2 मिनट का एक वीडियो बनाए तथा शिकायत दर्ज करने से पहले उसका संक्षेप में उल्लेख करना होगा। शिकायत के साथ संलग्न जीआईएस सूचना स्वतः संबंधित जिला नियन्त्रण कक्ष तक पहुँच जाती है, जिसके फलस्वरूप उड़नदस्ता कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर पहुंच जाएगा। उड़नदस्ते द्वारा शिकायतस्थल पर पहुंच कर 30 मिनट के अन्दर निस्तारण कर रिपोर्ट रिटर्निंग आफीसर को देनी होगी तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा 50 मिनट के अन्दर निस्तारण कर निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजनी होती है यानी कुल 100 मिनट में शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाता है।

# अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- होटल विक्रम पैलेस वाई पास रोड टी पी. नगर थाना न्यू आगरा जनपद आगरा के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा ।

अग्राम आज दिनांक 12.02.22.को श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने होटल विक्रम पैलेस वाई पास रोड टी पी नगर थाना न्यू आगरा जनपद आगरा के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया ।तथा होटल मे आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई । तथा आग लगने पर होटल कर्मचारियो को रूके यात्रियो को सुरक्षित निकालने के भी सुझाव दिये गये । तथा कर्मचारियो को उपलब्ध अग्नि शमन सुरक्षा व्यवस्थाओ को चलाने की व वुझाते समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई । तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये । तथा साथ ही साथ सी.एफ.ओ ने कर्मचारियो को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई । मौके पर उपस्थित मैनेजर श्री शाहिद हसन रिजवी व स्टाफ अमित भटनागर, धर्मेन्द, पप्पू, रवी , रामनरेश, गगन, सोनू, सुरेन्द्र गार्ड आदि ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की ।

www.knlslive.com

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## छत्तीसगढ़ के एक गांव की गलियां सूनी, गिनती के बचे लोग, डेढ़ माह में सैकड़ों लोग पलायन कर चले गए आंध्रप्रदेश

छत्तीसगढ़ सरकार गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाने का दावा करती है, लेकिन जमीनी सच्चाई जस्ट उलट है। छत्तीसगढ़ के लोग रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। गरियाबंद जिले के एक गांव की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार के सैकड़ों लोग गांव छोड़कर आंध्रप्रदेश, हैदराबाद के ईंट भट्ठों में काम करने चले गए और शासन को खबर तक नहीं लगी। घरों के दरवाजे पर ताला लटका है तो कहीं ईंट से घर को बंद कर भी किया गया है। ताला मामला गरियाबंद जिले के मैनपुर तहसील मुख्यालय से 40 किमी दूर ग्राम पंचायत इंदागांव और उसके आश्रित ग्राम अमली का है। इंदागांव पहाड़ी पर बसा गांव है। जंगलों से घिरे इस गांव के कमार जनजाति के लोग अभाव और परेशानियों के बीच जिंदगी गुजार रहे हैं। उनकी जरूरत बेहद सीमित है। ग्रामीण दैनिक जरूरतों को पूरा करने मैनपुर मुख्यालय के बाजार तक बमुश्किल पहुंचते हैं। ऐसे में यदि पेट की आग बुझाने जंगल को छोड़कर आंध्रप्रदेश सहित दूसरे राज्यों में जा रहे हैं तो यह छत्तीसगढ़ शासन और सरकार के दावों पर सवाल उठाने के लिए काफी है।

### घरों के दरवाजे पर लटका ताला

राज्य सरकार द्वारा ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने ग्राम पंचायत के सचिव से लेकर आला अफसरों तक जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन अफसर इसे गंभीरता से नहीं लेते। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था मजबूत करने का दावा कर रहे हैं और इधर रायपुर संभाग के गरियाबंद जिले के ग्राम अमली से लगभग 120 ग्रामीण पलायन कर कर गए। यह सभी विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी बताए जा रहे हैं। रोजगार की तलाश में आदिवासी आंध्र प्रदेश, हैदराबाद के ईंट भट्ठों में गए हैं। इन ग्रामीणों ने घरों दरवाजे को ईंट से बंद कर दिया है तो किसी कई घरों में ताले लटके हैं।


### सरपंच का कहना 150 लोग गए

ग्राम पंचायत इंदागांव के सरपंच रजमन नेताम ने बताया कि 150 कमार जनजाति के लोग पलायन गांव से पलायन किए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम अमली से आधे लोग पलायन कर गए हैं। 20-25 घरों में ताला लगा है। इसकी जानकारी उन्होंने एक माह पहले ही पंचायत सचिव मनोज साहू के माध्यम से जनपद पंचायत में देने को कहा था। सरपंच के अनुसार 150 विशेष पिछड़ी जनजाति आदिवासी कमार लोग आंध्रप्रदेश चले गए हैं। सरपंच ने बताया कमार विकास परियोजना के तहत कोई भी विकास कार्य और योजना का लाभ अमली के लोगों नहीं मिल रहा है। वहीं सचिव मनोज साहू का कहना है कि ग्राम अमली से हर साल लोग पलायन कर जाते हैं। यह उनकी आदत है, जबकि इस गांव में कई मनरेगा योजना के तहत कार्य चल रहे हैं। उनके मुताबिक 60-70 लोग पलायन कर गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम अमली की जनसंख्या 260 के आसपास है।

### कलेक्टर के प्रयास से लाए गए थे

बताया जाता है कि दो साल पहले भी मैनपुर क्षेत्र के ग्राम अमली सहित आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीणों का पलायन आंध्रप्रदेश, ओडिशा व महाराष्ट्र हुआ था। तब वहां ईंट भट्ठों में बंधक बनाकर मजदूरों को रखने की शिकायत मिली थी। गरियाबंद जिला के तत्कालीन कलेक्टर श्याम धावड़े के प्रयास से आंध्रप्रदेश, हैदराबाद, ओडिशा के ईंट भट्ठों से मजदूरों को छुड़ाया गया था। ग्राम अमली से 60- 70 लोग पलायन कर आंध्रप्रदेश ईंट भट्ठे में काम करने गए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत इंदागांव एवं उसके आश्रित ग्राम अमली में कई कार्य चल रहे हैं। तालाब, भूमिसुधार का कार्य गांव में चल रहा है फिर भी दूसरे प्रदेश पलायन कर जाना गंभीर मामला है।

## हिजाब पर छत्तीसगढ़ के CM भूपेश बघेल बोले- जिन लोगों ने इसकी शुरुआत की उन्हें अंजाम भुगतना पड़ेगा




देश में हिजाब पर छिड़ी सियासत पर छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि जिन लोगों ने इसकी शुरुआत की है, उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। यह हमारे समाज का विषय है, घर का विषय है। इसे बैठकर सुलझाया जा सकता था। इस मामले को बेवजह तूल देना उचित नहीं है। इसे शुरुआत करने वालों को पता नहीं कि इसका हश्र क्या होगा? भूपेश ने कहा कि आज यह मामला राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की समस्या बन गई है। उत्तर प्रदेश जाने से पहले रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि भारत में दुनियाभर के तमाम धर्म के लोगों और सताए हुए को आश्रय मिला है। आज हम अपने लोगों के साथ किस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि कट्टरता चाहे इधर का हो या उधर दोनों ही हमारे लिए नुकसान दायक है। इससे समाज का ही नुकसान होना है। उन्होंने कहा कि बेहद संवेदनशील मामला है, जिसे बैठकर हल करना चाहिए। हर चीज को आप न्यायालय ले जाएंगे। इसे राजनीतिक मुद्दा बनाएंगे तो हमारा देश कहां जा रहा है। हम किस दिशा में जा रहे हैं। क्या इसी प्रकार से लड़ाइयां लड़ते रहेंगे। बच्चे हमारे भविष्य हैं, लेकिन वे नेतृत्व नहीं करते। जो नेतृत्व करते हैं उनकी जिम्मेदारी थी कि मामले को बैठकर सुलझाते।

### जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजापुर में नक्सली हिंसा पर कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। हम और मजबूती के साथ नक्सलियों से लड़ेंगे। उन्होंने भाजपा के आरोपों पर भी पलटवार किया। सीएम ने कहा कि डॉ. रमन सिंह को छत्तीसगढ़ की जनता ने 15 साल दिया था। तीन ब्लॉक में सिमटे नक्सली आज 14 जिलों में पहुंच गए हैं। क्या यही इनकी उपलब्धि है। सीएम भूपेश ने कहा कि प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में नक्सल घटनाएं कम हुई है। हमारे शासनकाल में बड़े नक्सली हथियारों के साथ पकड़े गए हैं। सरेंडर कर रहे हैं या फिर एनकाउंटर में मारे जा रहे हैं। नक्सल क्षेत्रों में रोजगार देने का काम छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है, जिसके कारण वहां के युवा, महिलाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। अब नक्सली चिट्ठी लिखते हैं कि हमें भर्ती करने में परेशानी हो रही है।

### छत्तीसगढ़ रेकी करने आए थे सिंधिया

राज्यसभा में सांसद रामविचार नेताम के उठाए सवाल पर सीएम भूपेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जहां तक बात है, सारे पैरामीटर में छत्तीसगढ़ अग्रणी है। उन्हें उनका जवाब राज्यसभा में मिल जाएगा। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह द्वारा पत्र लिखे जाने पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में एक भी हवाई अड्डा शुरू नहीं हो पाया था। हमारे कार्यकाल में जगदलपुर, बिलासपुर में शुरुआत किया गया है। अब अंबिकापुर के हवाई अड्डा को डेवलप कर रहे हैं। रायपुर में आकर केंद्रीय मंत्री सिंधिया झूठ बोल रहे हैं। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया छत्तीसगढ़ को क्या देकर गए हैं। महाराजा छत्तीसगढ़ की रेकी करने आए थे कि क्या बेचा जा सकता है।

WWW.KNLSLIVE.COM

## 6 बेटियों की मां ने 7वीं को पटककर मार डाला, अवैध संबंध से जन्मी थी संतान, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की घटना

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक महिला ने अपनी ही नवजात बेटी को पटककर मार डाला। महिला की छह और बेटियां हैं। पति के साथ छोड़ देने के बाद महिला के जीवन में एक और मर्द की एंट्री हुई। दोनों के बीच संबंध बनने के बाद महिला ने एक बेटी को जन्म दिया। इस बात को छिपाने उससे बच्ची को पटककर मार डाला और घर के पिछले हिस्से में छिपा दिया, लेकिन गली के कुत्तों ने आरोपी महिला को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। दरअसल, यह मामला पुलिस तक तब पहुंचा जब देवरीडीह में रहने वाली गुड्डी विश्वकर्मा ने गुरुवार की सुबह गली के कुत्तों को कुछ नोचते हुए देखा। पास जाकर देखा तो नवजात का शव मिला। तोरवा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बच्ची का शव 2 टुकड़ों में बरामद



किया। उसका धड़ सिर से अलग हो गया था। पुलिस ने जांच शुरू की तब पता चला कि गांव की ही 46 वर्षीय राधिका यादव नाम की महिला गर्भवती थी। इस पर पुलिस ने राधिका को हिरासत में लिया और पूछताछ की तो उसने अपने संबंधों की कहानी बयां कर दी। उसने बताया कि 5 फरवरी को उसकी बच्ची पैदा हुई, जिसे उसने पहले 3 दिन तक अपने पास रखा और फिर 8 फरवरी की देर रात जमीन पर पटक कर मार डाला। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है।

### महिला की चार बेटियां अभी नाबालिग

टीआई सुरेंद्र स्वर्णकार ने बताया कि आरोपी महिला राधिका की छह और बेटियां है। उसका पति तीन साल पहले उसे छोड़कर चला गया। महिला की 2 बेटियों की शादी हो चुकी है। चार बेटियां नाबालिग हैं। एक लड़की अपनी बड़ी बहन के साथ उसके ससुराल में रहती है। महिला ने अपना पाप छुपाने के लिए इस कृत्य को अंजाम दिया था। महिला ने अपनी प्रेमी से हुए बच्ची की हत्या की है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मोहल्ले में कानाफूसी से खुल गया राज

बच्ची का शव गुरुवार को दो टुकड़ों में मिला था। पुलिस जांच में जुटी तब मोहल्लेवासियों की कानाफूसी से मामले का खुलासा हुआ। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि राधिका का पति करीब 3 साल पहले उसे छोड़ कर चला गया। इसी दौरान उसकी मुलाकात किसी अन्य व्यक्ति से हुई। दोनों के बीच जिस्मानी संबंध बनने लगे और महिला गर्भवती हो गई। वह बच्चा नहीं चाहती थी। बच्ची के पैदा होने के बाद नवजात को बेरहमी से जमीन पर पटककर मार डाला।

# पूर्व राज्यमंत्री भूपेंद्र सिंह दद्दा हुए सपा में शामिल



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बदायूं में एक जनसभा को संबोधित किया जिसमें कुर्मी समाज के पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र सिंह दद्दा को पार्टी में शामिल किया और कुर्मी समाज का उत्साह बढ़ाया जिसमें पहले पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र सिंह बीएसपी में राज्य मंत्री चुने गए थे इसके बाद फिर अब बीएसपी का दामन छोड़कर अब सपा में शामिल हो गए जिसको लोगों की काफी समय से निगाहें थी जिसको लेकर आज पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने मंच पर बुलाकर भूपेंद्र सिंह दद्दा को जोरदार स्वागत कर सपा में सदस्यता ग्रहण कराई जिसको लेकर सपा में जोर शोर से पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने सदर प्रत्याशी को जिताने के लिए सभी लोगों से वोट देने की अपील की मंच पर शामिल सदर प्रत्याशी ब पूर्व विधायक ब बहुत से कार्यकर्ता मौजूद थे

www.knlslive.com

# भा जा पा के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्या ने की कादरचौक मैं की सभा



सतेंदर पाल सिंह
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- जिले के शेखुपुर विधानसभा क्षेत्र में कादर चौक बाजार में उपमुख्यमंत्री माननीय श्री केशव प्रसाद मौर्य ने चुनावी सभा को संबोधित किया जिसमें मंच पर शेखुपुर विधान सभा के प्रत्याशी धर्मेद्र सिंह उर्फ पप्पू भैया को मंच से 14 तारीख को फूल का सामने बाला बटन दबाने के लिए जनता से अपील की और चुनावी सभा को संबोधित किया भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में आए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंच पर उपस्थित आंवला लोकसभा वर्तमान सांसद श्री धर्मेद्र कश्यप ब पूर्व मंत्री श्री भगवान सिंह एवं वर्तमान विधायक धर्मेद्र सिंह उर्फ पप्पू भैया ब अन्य बीजेपी के कार्यकर्ता उपस्थित थे माननीय उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2017 से पहले गुंडों की सरकार थी अब जो कि गुंडों अब जेल में हैं यह प्रदेश छोड़ कर चले गए तो जनता से अपील की कि अब फूल के सामने वाला बटन दबाकर प्रत्याशी धर्मेंद सिंह उर्फ पप्पू भैया को कामयाब बनाएं जिससे बहुमत की सरकार बने और हम सभी योजनाओं पर काम करें मंच से अपने घोषणा पत्र की भी जानकारी दी जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया जो कि आज हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ थी

*अन्य खबरों के लिए देखे*

WWW.KNLSIVE.COM

# एनभी टाइगर्स मिश्रिरपट्टी ने ट्राफी पर किया कब्जा

सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कुशीनगर- युवा क्रिकेट क्लब जंगल सिसवा बाजार द्वारा आयोजित दुग्गी नाइट क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला शुक्रवार देर रात जेएसआर कोचिंग सेंटर लमकन बनाम एनभी टाइगर्स मिश्रिरपट्टी के बीच खेला गया। इस मैच के मुख्य अतिथि के रूप में मौर्य होम्यो हाल जंगल सिसवा बाजार डॉ अभ्युदय कुमार व आलिया बिल्डिंग मेटेरियल्स एंड आलिया हार्डवेयर जंगल सिसवा बाजार से साजिद अंसारी रहे। मुख्य अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हुनर की कमी नहीं है बस जरूरत है उनको सही जगह की जिसे कि वो अपनी प्रतिभा को दिखा सके, साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की भी कामना करते हुए उपहार के रूप में साईकिल व ट्राफी वितरण किया। बताते चलें कि एनभी टाइगर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और वो सही भी साबित हुआ। 10-10 ओवर के खेल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी जेएसआर कोचिंग सेंटर की टीम ने 9 ओवर 4 गेंद पर ऑलआउट होते हुए मात्र 29 रन ही बना सकी, जबकि इनके तरफ से सबसे ज्यादा 16 रन सेराजुलहक ने बनाया। वही लक्ष्य की पीछा करने उतरी एनभी टाइगर्स मिश्रिरपट्टी के सलामी बल्लेबाज समीर व सोमील ने 4 ओवर 3 गेंद पर अपनी टीम को विजयी बनाकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। एनभी टाइगर्स मिश्रिरपट्टी के बल्लेबाज समीर मैन ऑफ द मैच तो मैन ऑफ द सिरीज़ सोमील चुने गए। इस मैच के आयोजक धर्मेंद्र भारती व संचालक समाजसेवी तजम्मुल हुसैन रहे। इस मौके पर कई हज़ार दर्शकों की भीड़ ने मैच का लुफ्त उठाया।






## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-


| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# गिलहराज मंदिर के पास तड़तड़ाई गोलियां, दहला इलाका



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - गांधीपार्क थाना क्षेत्र के अचलताल स्थित गिलहराज मंदिर के पास शनिवार को दिनदहाड़े फायरिंग से पूरा इलाका दहल गया। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। तब तो मामला शांत हो गया। लेकिन, शनिवार को एक पक्ष के लोगों ने आकर फायरिंग कर दी। लोगों का कहना है कि कई राउंड फायर हुए। गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। इसमें आरोपितों को चिह्नित किया जा रहा है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग मवेशी झुलसा



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती क्षेत्र चौकी रामापुर अंतर्गत ग्राम जोरडीह के गांव में घरों के ऊपर से गुजर रही लाइन से उठी चिंगारी ने आग का रूप लेकर छप्पर और झोंपड़ियों को जलाकर राख कर दिया। आग में मवेशी झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से करीब लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है। चौकी रमवापुर अंतर्गत ग्राम जोरडीह मैं लोगों ने अपने घरों में विद्युत कनेक्शन ले रखे हैं जिन्होंने छप्पर व मडई बना रखा है यहां से होकर बिजली की लाइन भी गुजर रही है। रविवार अलल सुबह अचानक बिजली की लाइन से चिंगारी उठी से छप्पर और झोपड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची लपटें उठने लग गईं। यह देखकर वहां अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग से रामसूरत ने अपने घर में रखे सामान सहित भारी नुकसान होने की बात कहीं

WWW.KNLSIVE.COM

# मुखिया चले मतदान की ओर



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बाँदा- बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में जिला अधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में मुखिया चले मतदान की ओर कार्यक्रम आगामी विधान सभा चुनाव में बांदा जनपद में होने वाले 23.02.2022को होने वाले मतदान में वोट प्रतिशत 75त्न+ कराने के लिए जिला अधिकारी बांदा द्वारा लगातार कई प्रयास किए जा रहे हैं।इसी क्रम में आज 12.02.2022को बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में सरस्वती बालिका केन पथ बांदा आर्य कन्या इंटर कालेज बांदा के साथ साथ कई विद्यालयों से आई बालिकाओं ने अपने कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान में बांदा जिले से आए 479 ग्राम पंचायत के प्रधानों से मतदान करने वा मतदान करने के लिए बांदा के कई विद्यालयों के बच्चो ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रेरित किया। बांदा जिला अधिकारी अनुराग पटेल जिले का 75त्न+मतदान करने के लिए शतत प्रयास रत रहते हुए।आए दिन कई सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से वोट प्रतिशत बढ़ाने में प्रयास रत रहते हुए आज बांदा के ग्राम पंचायत के प्रधानों से मतदान करने वा कराने की अपील भी की गई।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# रैलियों के सम्बन्ध में इस शर्त के साथ छूट दी जायेगी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती,जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोविड के घटते हुए मामले/कोविड की स्थिति में सुधार एवं निर्वाचनों के प्रचार अभियान हेतु बचे हुए अल्प समय तथा राजनैतिक दलों/उम्मीदवारों के अधिक संख्या में प्रतिभाग किये जाने पर सम्यक विचारोपरान्त निर्देश दिये गये हैं।उन्होने बताया कि रोड शो, पद-यात्रा, साइकिल/बाइक/वाहन रैली तथा जुलूस पूर्ववत प्रतिबन्धित रहेंगे। डोर-टू-डोर कैम्पेन के तहत 20 व्यक्तियों की संख्या भी पूर्ववत बनी रहेगी। रात्रि 8.00 बजे से प्रातः 8.00 बजे तक प्रचार अभियान के सम्बन्ध में प्रतिबन्ध पूर्ववत जारी रहेंगे। आउटडोर/इन्डोर मीटिंग्स/ रैलियों के सम्बन्ध में इस शर्त के साथ छूट दी जायेगी कि आउटडोर/इन्डोर मीटिंग्स/रैलियों में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों की अधिकतम सीमा इन्डोर हाल का अधिकतम 50 प्रतिशत एवं खुले मैदान की क्षमता का 30 प्रतिशत अथवा सामाजिक दूरी के मानकों को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित क्षमता के अनुरूप होगी, जो भी इनमें से कम हो। यदि राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ( SDMA ) द्वारा निर्धारित सीमा सख्त ( stricter ) है या इन्डोर हाल या खुले मैदान के सम्बन्ध में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में प्रतिशत निर्धारित किया गया है, तो इस सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये निर्देश प्रभावी होंगे। खुले मैदान में रैलियों जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से निर्धारित मैदानों में राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन की जायेंगी। जिला प्रशासन द्वारा मैदानों का आवंटन समान रूप से ई-सुविधा पोर्टल पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। इन मैदानों की क्षमता का निर्धारण जिला प्रशासन द्वारा अग्रिम रूप से किया जायेगा और इसे सभी दलों को अधिसूचित किया जायेगा।

WWW.KNLSLIVE.COM

# मुख्यमंत्री योगी जी के सपनो का साकार करती बांदा जनपद के जसपुरा ब्लाक की ग्राम पंचायत सिंधन कला में बनी गोशाला



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बाँदा- बुंदेल खंड की अन्ना प्रथा से किसानों को निजात दिलाने के लिए सूबे के मुखिया योगी जी ने हर ग्राम पंचायत में गौ आश्रय स्थल का निर्माण के साथ साथ उनके खाने के उत्तम प्रबंध कराया गया है। इसी क्रम में बांदा जनपद के विकास खंड जसपुरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिंधन कला में बनी बृहद गौ संरक्षण केंद्र का निर्माण 2020..21में 120.00लाख की लागत से कराया गया है। इस गौ शाला में 570गौ वंश संरक्षित है ।जिनकी देखभाल के लिए आठ कर्मचारी शिफ्ट वाई शिफ्ट कार्य करते हैं।इस गौ शाला में भरपूर जानवरो के घूमने के लिए जगह वा खाने के लिए अलग अलग चरही वा पानी की उत्तम प्रबंध देखने को मिला। इस गो शाला में बीमार जानवरो का इलाज भी भली भांति डाक्टर अनिल कुमार विश्वकर्मा के द्वारा किया जाता हैं। मृत गो वंश को गड्ढा खोदकर दफनाने के लिए भरपूर स्थान गोशाला के अंदर ही है। बांदा जनपद की यह गोशाला देखने से मानो एशा लगता है की इसके जैसी दूसरी इस जनपद में नही है।

# घरेलू कलह को लेकर पुत्र ने की मां की हत्या



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बाँदा- बांदा जनपद में जमीनी विवाद को लेकर पुत्र ने मां की हत्या कर दी बांदा ट्रामा सेंटर लाने के दौरान मां की मौत हो गई। पूरा मामला जनपद बांदा के बिसंडा थाना अंतर्गत कोनी गांव का है जहा जमीन के बटवारे को लेकर पुत्र ने अपनी मां की हत्या कर दी आपको बताते चले मृतिका का नाम रानी देवी पत्नी रामदास उम्र 70 वर्ष है मृतिका के 3 पुत्र है मृतिका के मझले पुत्र ने धारदार हथियार से अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया । घटना की पूरी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया पुत्र के द्वारा रानी देवी की इलाज के लिए बांदा लाते वक्त मौत हो गई है जबकि परिजनों की शिकायत पर पुत्र के ऊपर मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया है और शव के पोस्टमार्टम के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527